# सीआइएमपी के नए सत्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के नामांकन के लिए 15 जुलाई तक करें आवेदन

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी, इसे बढ़ाकर अब 15 जुलाई तक कर दिया गया है। सत्र 2022-24 के लिए विद्यार्थी संस्थान की वेबसाइट से आवेदन फार्म भर सकते हैं। 120 सीटों पर नामांकन के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है, इसमें एक हजार रुपये आवेदन फीस निर्धारित है। वहीं एससी, एसटी और डीए कैटेगरी के छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए है। इस कोर्स में नामांकन के लिए विद्यार्थियों के पास तीन साल की बैचलर की डिग्री होनी चाहिए। अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। नामांकन के लिए कैट 2021, जैट 2021 या सीमैट 2022 का वैलीड स्कोर आवश्यक है।

Dainik Jaran ! Page.No-04
Dated:07-07-2022

# सीआईएमपी : पीजीडीएम के लिए 15 तक करें आवेदन

पटना |सीआईएमपी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पीजीडीएम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थियों के लिए फॉर्म भरने की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

Dainik Bhaskar ! Page.No-05 ! Dated:07-07-2022